डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)
(Accredited Grade A+ by NAAC)

पत्रांकः CoE/106/2026 दिनांकः 04/04/2026
(संशोधित)

अधिसूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020/FYUP के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर के बी॰ए॰, बी॰एस॰सी॰, बी॰कॉम॰, बी॰कॉम॰, (वोकेशनल) द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर एवं परास्नातक स्तर के एम॰ए॰, एम॰कॉम॰, एम॰एस॰सी॰ द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर अप्रैल/मई–2026 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की अन्तिम तिथि निम्नवत् विस्तारित की जाती है:–

क्र0स0	सम (EVEN) सेमेस्टर परीक्षा अप्रैल/मई–2026
1	स्नातक –बी॰ए॰, बी॰एससी॰, बी॰कॉम॰, बी॰कॉम॰, (वोकेशनल) द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर
2	परास्नातक –एम॰ए॰, एम॰एससी॰, एम॰कॉम॰ द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर

1	बैच/मैंडेट बनाकर परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि	दिनांकः 06.04.2026
2	विलम्ब शुल्क रु0 500/– प्रति छात्र के साथ बैच बनाकर परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	दिनांकः 08.04.2026
3	परीक्षा फार्म पूरित किये जाने की अन्तिम तिथि	दिनांकः 10.04.2026

अर्ह समस्त स्नातक स्तर के बी॰ए॰, बी॰एस॰सी॰, बी॰कॉम॰, बी॰कॉम॰, (वोकेशनल) द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर एवं परास्नातक स्तर के एम॰ए॰, एम॰कॉम॰, एम॰एस॰सी॰ द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर अप्रैल/मई–2026 के छात्र–छात्राऐं जो परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करना चाहते है, वह विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dbrau.ac.in पर सम्बन्धित महाविद्यालय के माध्यम से उक्त निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सूच्य है कि स्नातक/परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन पत्र छात्र–छात्राओं की समर्थ आई0डी0 के माध्यम से समर्थ पोर्टल पर सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा पूरित किये जायेगें। प्रश्नगत पाठ्यक्रमों के पुनः परीक्षा के परीक्षा आवेदन पत्र पूर्व की भांति विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dbrau.ac.in के माध्यम से ही पूरित किये जा सकेगे।

अति महत्वपूर्ण नोट :–

1. **बैच/मैंडट बनाने के दो दिन के अन्दर शुल्क जमा करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा की स्थिति में पोर्टल बन्द हो जायेगा।**
2. **शुल्क जमा के उपरान्त दो दिन के अन्दर परीक्षा आवेदन पत्र अवश्य पूरित करले, अन्यथा पोर्टल बन्द हो जायेगा, जिसे विलम्ब शुल्क के बाद खोला जाना सम्भव होगा।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को अवगत कराते हुए छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र समयान्तर्गत पूरित कराने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी/समर्थ।
4. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय/अधीक्षक, परीक्षा/गोपनीय।
5. विश्वविद्यालय जनसम्पर्क अधिकारी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को दैनिक समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में विशेष स्थान दिलाते हुए, छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. एजेन्सी–2025 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय के लागईन आई0डी0 पर आज ही अपलोड करतें हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक